# समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Thursday, 24 September 2026


## IND vs IRE: श्रेयस अय्यर की कप्तानी मे टीम इंडिया तैयार, वैभव सूर्यवंशी पर रहेगी सबकी नजर ; जानिए पूरा शेड्यूल


Sanket Morankar


Published on 25 Jun 2026





भारत और आयरलैंड के बीच दो मैचों की टी-20 सीरीज आज से शुरू होने जा रही है। इस सीरीज को लेकर क्रिकेट प्रशंसकों में खासा उत्साह है, क्योंकि श्रेयस अय्यर पहली बार भारतीय टी-20 टीम की कप्तानी करते नजर आएंगे। वहीं युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी के प्रदर्शन पर भी सभी की निगाहें टिकी होंगी।

हाल के वर्षों में भारतीय टीम ने युवा खिलाड़ियों को लगातार अवसर दिए हैं और उन्होंने शानदार प्रदर्शन भी किया है। अब श्रेयस अय्यर के नेतृत्व में टीम इंडिया इस जीत के सिलसिले को आगे बढ़ाने की कोशिश करेगी।

आयरलैंड के खिलाफ भारत का शानदार रिकॉर्ड

भारत और आयरलैंड के बीच वर्ष 2009 से टी-20 मुकाबले खेले जा रहे हैं। अब तक दोनों टीमों के बीच कुल आठ टी-20 मैच हुए हैं और भारत ने सभी मुकाबलों में जीत दर्ज की है।

इनमें से छह मुकाबले आयरलैंड की सरजमीं पर खेले गए थे, जहां भी भारतीय टीम का प्रदर्शन शानदार रहा है। ऐसे में इस बार भी टीम इंडिया को मजबूत दावेदार माना जा रहा है।

कब और कितने बजे होगा मुकाबला ?

भारत और आयरलैंड के बीच दोनों टी-20 मुकाबले बेलफास्ट में खेले जाएंगे।

**भारतीय समय के अनुसार :**

- **टॉस :** शाम 5:30 बजे
- **मैच शुरू:** शाम 6:00 बजे

लाइव प्रसारण कहां देखें ?

भारत में इस सीरीज का सीधा प्रसारण **Sony Sports Network** पर किया जाएगा।

वहीं मोबाइल, लैपटॉप या स्मार्ट टीवी पर मैच का लाइव स्ट्रीमिंग **Sony LIV** ऐप और उसके आधिकारिक डिजिटल प्लेटफॉर्म पर देखा जा सकेगा।

**भारतीय टीम**

- श्रेयस अय्यर (कप्तान)
- अक्षर पटेल
- ईशान किशन (विकेटकीपर)
- संजू सैमसन (विकेटकीपर)
- अभिषेक शर्मा
- तिलक वर्मा
- वैभव सूर्यवंशी
- शिवम दुबे
- वॉशिंगटन सुंदर
- प्रसिद्ध कृष्णा
- अर्शदीप सिंह
- रवि बिश्नोई
- हर्षित राणा
- प्रिंस यादव
- सूर्यांश शेडगे

**आयरलैंड टीम**

- लॉर्कन टकर (कप्तान एवं विकेटकीपर)
- जॉर्ज डॉकरेल
- स्टीफन डोहेनी
- हैरी टेक्टर
- गैरेथ डेलानी
- बेन कैलिट्ज़
- टिम टेक्टर
- मैथ्यू हम्फ्रीज
- रॉस अडायर
- गोविन होए
- लियाम मैकार्थी
- जय मुंद्रा
- रुबेन विल्सन
- मैथ्यू हॉलार्ड

**वैभव सूर्यवंशी पर रहेगी खास निगाहे ं**

इस सीरीज में सबसे अधिक चर्चा युवा बल्लेबाज **वैभव सूर्यवंशी** को लेकर है। घरेलू क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन के बाद उन्हें भारतीय टीम में मौका मिला है। आयरलैंड दौरा उनके लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा साबित करने का बड़ा अवसर माना जा रहा है।

अब देखना दिलचस्प होगा कि श्रेयस अय्यर की कप्तानी में टीम इंडिया अपने अजेय रिकॉर्ड को बरकरार रखती है या नहीं, और युवा खिलाड़ी इस मौके का कितना फायदा उठा पाते हैं।

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Sanket Morankar, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.